testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2018 - GK नोट्स का PDF डाउनलोड करें!

हर साल 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए अवसरों को बढ़ाना और उनकी कम होती संख्या के बारे में लोगो में जागरूकता लाना है। 'विथ हर: अ स्किल्ड गर्लफोर्स (With Her: A Skilled GirlForce) अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2018 का विषय है। जिसके तहत इस साल लड़कियों के लिए विभिन्न नियोक्ताओं और हितधारकों ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निवेश को प्राप्त करने के प्रयास की शुरूआत की है। IBPS PO, Railways Group D, SSC CGL, IBPS Clerk, IBPS RRB, आदि सरकारी परीक्षाओं के उम्मीदवार होने के नाते आपको अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2018 के बारे में जानना आवश्यक है। बैंकिंग और एसएससी परीक्षाओं पर इस विशेष दिन पर पूछे जाने सभी सवालों के बारे मे जानने के लिए इस लेख को अंत तक पढ़ें और अच्छे अंक प्राप्त करें। इसके साथ ही, ऑनलाइन मॉक टेस्ट के माध्यम से अपनी तैयारी की जाँच करें।

## पिछले सालों की थीम्स

**2017 -** एम्पायर गर्ल्स: संकट से पहले और उसके बाद

**2016 -** लड़कियों की प्रगति - लक्ष्य की प्रगति: लड़कियों के लिए क्या मायने रखता है

**2015 -** किशोर लड़की की शक्ति: विजन 2030

**2014 -** किशोरावस्था लड़कियों को सशक्त बनाना: हिंसा के चक्र को समाप्त करना

**2013 -** लड़कियों की शिक्षा में नवीनता लाना

**2012 -** बाल विवाह समाप्त करना



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play






# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का इतिहास

इसे पहली बार गैर-सरकारी संगठन-प्लान इंटरनेशनल द्वारा शुरू किया गया था। लड़कियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए "क्योंकि मैं एक लड़की हूँ" नाम से एक अभियान की शुरूआत की गयी। इसके बाद इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने 55 वें आम सभा के सामने इस प्रस्ताव को रखा। अंतत: 19 दिसंबर 2011 को संयुक्त राष्ट्र ने लड़कियों के लिए 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में चुना। 11 अक्टूबर 2012 को, पहले अंतर्राष्ट्रीय  बालिका दिवस का विषय था-"बाल विवाह को समाप्त करना"।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संयुक्त राष्ट्र की पहल

- संयुक्त राष्ट्र के पास महिलाओं के लिए एक समर्पित संगठन है अर्थात "संयुक्त राष्ट्र महिलायें" जो महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए काम करती हैं।
- किसी भी रूप में लिंग असमानता को खत्म करने के लिए, संयुक्त राष्ट्र ने विशेष रूप से 5 लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसके तहत लिंग असमानता को दूर करने और सतत विकास लक्ष्यों के तहत महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना है, जिसे 2030 तक हासिल किया जाना है।

testbook.com

## लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भारत की पहल-

लिंग असमानता भारत के विकास में बाधाओं में से एक है और भारत इसे जड़ से मिटाने के लिए सतत कार्य कर रहा है। इस वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण में भी 0-25 साल से कम आयु के 21 मिलियन अनचाही लड़कियों का उल्लेख किया गया है। इसके लिए भारत सरकार ने कई योजनायें  लागू कर रखी है, जिसके तहत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' एक उल्लेखनीय योजना है जिसे हरियाणा में 2015 में लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य बालिकाओं की रक्षा करना और बाल यौन अनुपात में सुधार करना है। बालिकाओं के अस्तित्व और संरक्षण को सुनिश्चित करना और उन्हें शिक्षित करना है। इसके अलावा, केंद्र और साथ ही साथ राज्य सरकारों ने महिलाओं और लड़कियों को बचाने और सशक्त बनाने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण योजनायें शुरू की हैं –





testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

| क्रमांक | स्कीम | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | सपोर्ट टू ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम फॉर वीमेन- (STEP) | • इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करना है। <br> • 1986-87 में इसकी शुरूआत की गयी थी। |
| 2. | स्वाधार गृह | • इस योजना के तहत, पीड़ित महिलाओं को सभी बुनियादी सुविधायें प्रदान की जाती हैं <br> • ताकि एक बार फिर वे गरिमा के साथ अपना जीवन जी सकें। <br> • 2017-18 में इस योजना के तहत कुल 17,291 महिलायें लाभान्वित हुईं। |
| 3. | राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) | • मिशन का उद्देश्य पोषण स्तर को बढ़ाने और स्टंटिंग और एनीमिया को कम करना है। <br> • इस साल, सितंबर 2018 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया गया है। <br> • आईबीआरडी (IBRD) इस मिशन को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। |
| 4. | सुकन्या समृद्धि योजना | • इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं के भविष्य को सुनिश्चित करना है। <br> • लड़की के माता-पिता 10 साल की उम्र तक बचत खाते खोल सकते हैं। <br> • खाते की राशि बालिकाओं को 21 साल की उम्र में दी जाएगी। <br> • इस योजना के तहत प्रस्तावित ब्याज दर 9.2% है। |
| 5. | मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना | • इसे 2018 में बिहार सरकार ने लॉन्च किया था। <br> • इस योजना के तहत, बालिकाओं के जन्म पर, परिवार को 2000 रुपये से सम्मानित किया जाएगा और आधार कार्ड प्राप्त करने के बाद उन्हें अतिरिक्त 1000 रुपये मिलेगा। |

testbook.com



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

| | | |
|---|---|---|
| 6. | महिला पोर्टल के खिलाफ साइबर क्राइम रोकथाम | • साइबर अपराध से निपटने के लिए, सरकार ने बाल अश्लीलता और यौन शोषण से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया। |
| 7. | एक स्टॉप सेंटर योजना | • यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय मिशन का एक उप-समूह है।<br>• यह योजना उन महिलाओं का समर्थन करती है जो हिंसा से पीड़ित हैं और एफआईआर दर्ज कराने में उनकी सहायता करती हैं। |
| 8. | महिला उद्यमी मंच | • इसे नीति आयोग ने लॉन्च किया था।<br>• यह महिलाओं में उद्यमी आकांक्षाओं के विकास के लिए एक मंच है।<br>• इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और कर्म शक्ति इस मंच के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। |
| 9. | सबला (किशोरी लड़कियों की सशक्तिकरण के लिए राजीव गांधी योजना) | • इसे 1 अप्रैल 2011 को लॉन्च किया गया था।<br>• इसका उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा प्रदान करके किशोर लड़कियों को सशक्त बनाना है। |
| 10. | महिला शक्ति केंद्र | • 2017-18 में लॉन्च किया गया<br>• इसका उद्देश्य समुदाय की भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है। |
| 11. | किशोरी शक्ति योजना | • यह योजना 11-18 साल की लड़कियों की है, जिन्हें स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है।<br>• इस योजना के अनुसार, लड़कियों को स्वच्छता, महिलाओं के अधिकार और लिंग असमानता से अवगत कराया जाता है। |
| 12. | लाड़ली लक्ष्मी योजना | • यह योजना अप्रैल 2017 में एमपी सरकार द्वारा शुरू की गई थी और उसके बाद 6 और राज्यों ने इस योजना की शुरुआत की थी।<br>• इस योजना के तहत, एक लड़की के विवाह तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। |

testbook.com



LIVE COURSE GA & BANKING AWARENESS
Banking Awareness
Financial Awareness
Important Current Affairs
HURRY!! 500 SEATS ONLY!!
BOOK NOW
testbook.com

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

| | | |
|---|---|---|
| 13. | नंदा देवी कन्या योजना | • इस योजना की शुरूआत उत्तराखंड सरकार द्वारा की गयी।<br>• इस योजना के तहत लड़की के जन्म लेने के बाद उनके नाम पर 15000 रूपये की फिक्सड डिपोजिट दिया जाता है। |
| 14. | बाल कन्या संरक्षण योजना | • आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकार द्वारा इसकी शुरूआत की गयी है।<br>• इस योजना के तहत लड़कियों की शिक्षा का प्रचार किया जाता है।<br>• यह योजना लड़की शिक्षा के प्रचार को सुनिश्चित करती है।<br>• माता-पिता को परिवार नियोजन के तहत दो लड़कियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। |
| 15. | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना | • यह 2004 में लॉन्च किया गया है।<br>• यह सर्व शिक्षा अभियान के तहत शुरू किया गया है।<br>• इस योजना के तहत, एससी / एसटी / ओबीसी / अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों को आवासीय प्राथमिक शिक्षा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।. |
| 16. | रुपा श्री | • यह योजना पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शुरू की गई थी।<br>• इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की लड़कियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।<br>• इस योजना का लक्ष्य लगभग छह लाख महिलाओं को कवर करना है। |
| 17. | कन्याश्री योजना | • कन्याश्री योजना पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है।<br>• यह एक सशर्त नकदी हस्तांतरण योजना है।<br>• 13 से 1 9 वर्ष की आयु की सभी लड़कियों को वार्षिक छात्रवृत्ति 500 रूपये - और एक बार अनुदान 25000 रूपये तक दी जाएगी। |
| 18. | स्टैंड-अप इंडिया योजना | • इस योजना का उद्देश्य एससी / एसटी / महिला उद्यमियों की मदद करना है।<br>• इस योजना के तहत 10 लाख से 1 करोड़ तक बैंक ऋण प्रदान किए गए हैं। |

testbook.com



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play




| | | |
|---|---|---|
| 19. | छात्र परिवहन सुरक्षा योजना | • यह योजना 2018 में हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई है।<br>• इसका उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा प्रदान करना है। |
| 20. | उज्वला योजना (मानव तस्करी) | • तस्करी से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं का बचाव व पुनर्वास और मानव तस्करी की रोकथाम इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। |

हमें आशा है कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2018 पर यह लेख आपको पसंद आया होगा। सामान्य ज्ञान पर अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए ऐसे अन्य लेख भी पढ़ें।

| | |
|---|---|
| **भारत का योजना आयोग और पंचवर्षीय योजना** | **भारत में यूनेस्को (UNESCO) विश्व धरोहर स्थल** |
| **भारतीय रेगुलेटरी बॉडीज की सूची** | **नोबेल पुरस्कार विजेता 2018** |
| **चंदा कोचर ने छोड़ा ICICI Bank** | **यूथ ओलंपिक गेम्स 2018** |

testbook.com

*हम सब जानते हैं कि सतत अभ्यास ही सफलता की असली कुंजी है, इसलिए अपने अध्ययन को तेज करने के लिए तैयारी शुरू कर दें।*

## Solve Practice Questions for Free

टेस्टबुक चर्चा पर हमारे विशेषज्ञों और अन्य साथी उम्मीदवारों के साथ अपने संदेहों पर चर्चा करने के लिए हमसे जुड़ें, नीचे दिए गए लिंक पर जाएं!

## Go to Testbook Discuss!



